X

हिंदी

समीक्षा

तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

कक्षा 10

कार्य-पत्रिका 18

सूचना : "सबसे बड़ा शो मैन" जीवनी का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चार्ली को वह अक्सर अपने साथ थिएटर ले जाती थी। उस दिन भी परदे के पीछे खड़ा वह आवाज़ के तमाशे को देख रहा था। माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा ! बहुत मुबाहिसा के बाद वह अंततः चार्ली को स्टेज पर ले गया और बचाव के कुछ शब्द कह उसे अकेला छोड़ आया।

1."**माँ डर गई।**" **माँ** के बदले **चार्ली** शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

2. नमूने के अनुसार कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।

मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।

लोग ------------------------ (चिल्लाने लगी / चिल्लाने लगे)

3. सही मिलान करें।

1.मैनेजर ने चार्ली को	वह अंततः चार्ली को स्टेज पर ले गया।
2.बहुत मुबाहिसा के बाद	आवाज़ के तमाशे को देख रहा था।
3.पाँच साल का बच्चा	माँ के दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था।
4.उस दिन भी परदे के पीछे खड़ा वह	इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा !

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

4. वाक्य-पिरमिड़ की पूर्ति करें।

(अपने साथ, अक्सर)

चार्ली को ले जाती थी।
चार्ली को थिएटर ले जाती थी।

----

5. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। उस दिन माँ के मन में विवध प्रकार के विचार उठ रहे थे। उन विचारों को वह अपनी डायरी में लिखने लगी। चार्ली की माँ की वह डायरी लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 6 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रविवार का दिन था। साहिल अपने घर में नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था। वह एक स्टूल पर चढ़कर झूलता था। अचानक टूटे स्टूल की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई। एक इंच गहरा गड्ढा हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

6.अचानक **<u>टूटे स्टूल</u>** की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई। रेखांकित शब्दों में प्रयुक्त विशेषण शब्द कौन- सा है?

7. साहिल अपने घर में नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।
' **साहिल**' के स्थान पर ' **बेला**' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

8. साहिल की पिंडली पर चोट कैसे लगी?

9. वाक्य- पिरमिड़ की पूर्ति करें।

(अपने घर में, नीम के)

साहिल झूम रहा था।
साहिल पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था।

10.साहिल की पिंडली पर चोट लगी। साहिल ने यह बात बेला से कही।
साहिल और बेला की बातचीत की पूर्ति करें।

बेला : अरे साहिल यह क्या हुआ ?
साहिल: ---
बेला : पर कैसे ?
साहिल: --
बेला : चोट गहरा तो नहीं न ?
साहिल: ---
बेला : सच? डॉक्टर ने क्या कहा ?
साहिल: --

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

सूचना : "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" पाठ का यह अंश पढ़ें और 11 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा,निराशा,असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते। सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है। यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह "जानने" की याद दिलाती है।

11. 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' किसकी कविता है?
(नरेश सक्सेना, विनोद कुमार शुक्ल, राजेश जोशी)

12.कविता के अनुसार मनुष्य को किस तरह जानना चाहिए ?

13.सही मिलान करें।

1. घायल पड़े व्यक्ति को	कि घायल व्यक्ति मुसीबत में है।
2. हम जानते हैं	सहायता की ज़रूरत है।
3. किसी व्यक्ति को जानने का मतलब	हमारा कर्तव्य है।
4.हताश व्यक्ति की सहायता करना	उसकी हताशा,निराशा और संकट से जानना है।

14.**"नेत्रदान महादान"** इस विषय पर एक **पोस्टर** तैयार करें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 15 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले !

15.'टूटा पहिया' किसकी रचना है?
(धर्मवीर भारती,प्रभात,नागार्जुन)

16.सच्चाई कब टूटे हुए पहिए का आश्रय लेती है?

17.'सहारा' का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखें?

18.इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं?

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और **19 से 22** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का डिब्बा मेरा। उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है। लेकिन मुझे मोरपाल से मिलने से पहले कतई आंदाज़ा नहीं था कि मेरे लिए राजमा जैसी सामान्य-सी चीज़ किसी के लिए इतनी खास हो सकती है। मोरपाल ने मेरे टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

19. सही विकल्प चुनकर लिखें ।

(वे+के=उसे, वह+को=उसे, वे+को=उसे)

20.मोरपाल और मिहिर के बीच का सौदा क्या था?

21.मिहिर की कमज़ोरी क्या थी?

22.मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। इस बात का वर्णन करते हुए मिहिर ने अपने मित्र को पत्र लिखा। कल्पना करके वह पत्र तैयार करें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT